इतिहास कक्षा 10वीं

अध्याय - 4

भूमंडलीकृत विश्व का बनना

याद रखने की बातें :-

1. सिल्क मार्ग - ये मार्ग एशिया को यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के साथ-2 विश्व को जमीन और समुद्र मार्ग से जोड़ते थे।
2. कार्न-ला-वह कानून जिसके सहारे सरकार ने मक्का के आयात पर पाबंदी लगा दी थी! इसे ब्रिटेन ने लगाई थी।
3. रिंडरपेस्ट प्लेग की भाँति फैलने वाली मवेशियों की बीमारी थी। वह बीमारी 1890 ई0 के दशक में अफ्रीका में बड़ी तेजी से फैली।
4. ब्रेटन वुड्स यू.एस.ए. में स्थित एक होटल का नाम है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद इस होटल में अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था सम्बन्धी एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन को ही ब्रेटन वुड्स समझौते के नाम से जाना जाता है।
5. वस्तुओं का प्रवाह - अंग्रेजी शासन के समय गेहूँ, सूती, ऊनी तथा रेशमी कपड़ों का प्रवाह भारत से इंग्लैण्ड में होता था।
6. श्रमिकों का प्रवाह - भारत में श्रमिक इंग्लैण्ड के श्रमिकों से सस्ते उपलब्ध थे, इसलिए अंग्रेज इन्हें इंग्लैण्ड चाय, कॉफी, नील तथा तम्बाकू के बागानों में काम करने के लिए ले जाते थे।
7. होसे - दक्षिण अमेरिका के एक देश, त्रिनिदाद में मुहर्रम के सालाना जुलूस के मेले का नाम।
8. G-77 विकासशील देशों का समूह जिन्होंने आर्थिक विकास के लिए आवाज उठाई।
9. वीटो - निषेधाधिकार, इस अधिकार के सहारे एक ही सदस्य की असहमति किसी भी प्रस्ताव को खारिज करने का आधार बन जाती है।

10. आयात शुल्क (Tariff) किसी दूसरे देश से आने वाली चीजों पर वसूल किया जाने वाला शुल्क।

11. विनिमय दर - अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की सुविधा के लिए विभिन्न देशों की राष्ट्रीय मुद्राओं को एक दूसरे से जोड़ा जाता है।

1 अंक वाले प्रश्न :-

1. मित्र राष्ट्रों के नाम बताइए ?
2. दक्षिणी अमेरिका में एल डोराडो क्या है ?
3. किस देश के पास अर्न्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में वीटो का प्रभावशाली अधिकार है ?
4. लगभग 500 साल पहले किस फसल के बारे में हमारे पूर्वजों को ज्ञान नहीं था ?
5. कौन से दो आविष्कारों ने 19 वीं सदी के विश्व में परिवर्तन किया ?
6. 1928 से 1934 के बीच भारत में गेहूँ की कीमत 50 प्रतिशत तक क्यों गिर गई ?
7. अमेरिका महाद्वीप की खोज किसने की ?
8. उस यूरोपीय देश का नाम लिखो, जिसने अमेरिका पर विजय प्राप्त की ?
9. भूमंडलीकृत विश्व के बनने में मदद देने वाले कोई दो कारक बताइए।

लघु/दीर्घ प्रश्न (3/5)

1. अमेरिका जाने वाले नये समुद्री रास्तों की खोज के बाद विश्व में क्या बदलाव हुए ? तीन उदाहरण देकर स्पष्ट करें।
2. 19वीं सदी में हजारों लोगों द्वारा यूरोप से भागकर अमेरिका जाने के क्या कारण थे ?
3. सूती वस्त्र उद्योगों के औद्योगिकरण का ब्रिटेन में क्या प्रभाव पड़ा ?

4. यूरोपीय लोगों के अफ्रीका की ओर आकर्षित होने के क्या कारण थे ?
5. व्यापार अधिशेष से क्या अभिप्राय है ? भारत के साथ ब्रिटेन व्यापार अधिशेष की अवस्था में क्यों रहा ?
6. ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था पर प्रथम विश्व युद्ध के क्या प्रभाव पड़े ?
7. आर्थिक महामंदी के कारण बताइये ?
8. भारतीय अर्थव्यवस्था पर महामन्दी का क्या प्रभाव पड़ा ?
9. 19वीं सदी की अनुबंध व्यवस्था को नयी दास व्यवस्था के रूप में वर्णित किया है। उपयुक्त उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ?
10. वैश्वीकरण का क्या अर्थ है ? अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक विनिमय में तीन प्रकार के प्रवाहों का वर्णन कीजिए ?
11. ब्रेटन-वुड्स समझौते का क्या अर्थ है ?
12. अफीम युद्ध का क्या अर्थ है। चीन पर अफीम युद्ध के प्रभावों का वर्णन कीजिए ?

1 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. ब्रिटेन, फ्राँस और रूस।
2. किंवदंतियों की बदौलत सोने का शहर।
3. संयुक्त राज्य अमेरिका।
4. आलू।
5. (1) भाप इंजन (2) रेलवे
6. महामंदी के कारण
7. क्रिस्टोफर कोलंबस।
8. स्पेन
9. (1) व्यापार
   (2) काम की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह जाते लोग
   (3) पूँजी

3 अंक / 5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

1. (1) आलू का इस्तेमाल शुरू करने पर यूरोप के गरीबों की जिन्दगी में बदलाव आया। उनका भोजन बेहतर हो गया और औसत उम्र बढ़ने लगी।

   (2) गुलामों का व्यापार शुरू हो गया।

   (3) यूरोप में धार्मिक टकराव होते रहते थे इसलिए हजारों लोग यूरोप से भागकर अमेरिका चले गए।

2. (1) कॉर्न-ला को समाप्त करने के बाद कम कीमतों में सामान का आयात।

   (2) भयानक बीमारियों का फैलना

   (3) धार्मिक टकराव।

3. (1) आयात शुल्क के कारण ब्रिटेन में भारतीय कपास के आयात में तेजी से कमी आई।

   (2) भारतीय वस्त्रों को अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में भारी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा।

   (3) बाद में निर्माण किए गए सूती उत्पादों के निर्यात में कमी आने के पश्चात् ब्रिटिश निर्माताओं ने बहुत ही सस्ती कीमत पर भारत से कपास का आयात आरम्भ कर दिया।

3/5 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर :-

5. (1) जब निर्यात मूल्य आयात मूल्य से अधिक होता है तो इसे व्यापार अधिशेष कहा जाता है।

   (2) 19वीं शताब्दी में बाजारों में ब्रिटेन के बने माल की अधिकता हो गई थी। भारत से ब्रिटेन और शेष विश्व को भेजे जाने वाले खाद्यान्न व कच्चे मालों के निर्यात में इजाफा हुआ।

(3) लेकिन जो माल भारत भेजा जाता था उसकी कीमत काफी अधिक होती थी और जो भारत से इंग्लैण्ड भेजा जाता था उसकी कीमत काफी कम होती थी इसलिए ब्रिटेन हमेशा व्यापार अधिशेष की अवस्था में रहता था।

6. (1) युद्ध के बाद भारतीय बाजार में अपनी वर्चस्व वाली स्थिति को प्राप्त करना ब्रिटेन के लिए कठिन हो गया।

(2) ब्रिटेन को विश्व स्तर पर अब जापान से भी मुकाबला करना था।

(3) अमेरिका से लिए गए कर्जे की वजह से ब्रिटेन युद्ध के बाद भारी विदेशी कर्जे में डूब गया।

(4) युद्ध के कारण आया आर्थिक उछाल जब शान्त होने लगा तो उत्पादन गिरने लगा और बेरोजगारी बढ़ने लगी।

(5) इसी समय सरकार ने भारी भरकम शांतिकालीन करों के सहारे उनकी भरपाई करने की कोशिश की। इन प्रयासों से रोजगार भारी मात्रा में समाप्त हो गए।

7. (1) महामंदी की शुरूआत 1929 से हुई और यह संकट 30 के दशक के मध्य तक बना रहा। इस दौरान विश्व के ज्यादातर हिस्सों में उत्पादन, रोजगार, आय और व्यापार में बहुत बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

(2) युद्धोतर अर्थव्यवस्था बहुत कमजोर हो गई थी। कीमतें गिरीं तो किसानों की आय घटने लगी और आमदनी बढ़ाने के लिए किसान अधिक मात्रा में उत्पादन करने लगे।

(3) बहुत सारे देशों ने अमेरिका से कर्ज लिया।

(4) अमेरिकी उद्योगपतियों ने मंदी की आशंका को देखते हुए यूरोपीय देशों को कर्ज देना बन्द कर दिया।

(5) हजारों बैंक दिवालिया हो गये।

8. (1) 1928 से 1934 के बीच देश का आयात-निर्यात घट कर आधा रह गया।

(2) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतें गिरने से भारत में गेहूँ की कीमत 50 प्रतिशत तक गिर गई।

(3) किसानों और काश्तकारों को ज्यादा नुकसान हुआ।

(4) महामंदी शहरी जनता एवं अर्थव्यवस्था के लिए भी हानिकारक।

(5) 1931 में मंदी चरम सीमा पर थी जिसके कारण ग्रामीण भारत असंतोष व उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा था।

9. (1) एजेंट मजदूरों को फुसलाने के लिए झूठी जानकारियाँ देते थे।

(2) एजेंटों द्वारा मजदूरों का अपहरण भी कर लिया जाता था।

(3) नयी जगह की जीवन एवं कार्य स्थितियाँ कठोर थी।

(4) वेतन बहुत कम था। काम ठीक से न कर पाने के कारण वेतन काट लिया जाता था।

(5) मजदूरों के पास कानूनी अधिकार न के बराबर थे।

10. (1) किसी देश की अर्थव्यवस्था विश्व की अन्य अर्थव्यवस्थाओं के साथ जुड़ी होती है।

(2) पहला प्रवाह व्यापार का होता है जो मुख्यतः कपड़ों एवं गेहूँ के व्यापार तक सीमित था।

(3) दूसरा प्रवाह श्रम का है जिसमें लोग रोजगार की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं।

(4) तीसरा प्रवाह पूँजी का होता है जिसे अल्प या दीर्घ अवधि के लिए दूर-दराज के इलाकों में निवेश कर दिया जाता है।

11. (1) 1944 में अमेरिका स्थित न्यू हैम्पशायर के ब्रेटन वुड्स नामक स्थान पर संयुक्त राष्ट मौद्रिक एवं वित्तीय सम्मेलन में सहमति बनी थी।

(2) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की स्थापना हुई।

(3) ब्रेटन वुड्स व्यवस्था निश्चित विनिमय दरों पर आधारित होती थी।

12. अफीम युद्ध का अर्थ – जब इंग्लैंड ने चीनियों पर अफीम आयात करने का दबाव डाला तो दोनों देशों के बीच संघर्ष उत्पन्न हो गया जिसको अफीम युद्ध कहा जाता है।

(1) चीनियों का शारीरिक व नैतिक पतन हुआ।

(2) चीन को हर्जाने के रूप में 5 बन्दरगाह ब्रिटिश व्यापारियों के लिए खोलने पड़े।

(3) बिना किसी अवधि के हाँगकाँग को ब्रिटेन को सौंप दिया गया।